# जिला न्यायालयों में कोर्ट रूम्स की कमी दूर करने के लिए युद्धस्तर पर हो काम : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की कानून मंत्री आतिश ने दिल्ली के जिला न्यायालयों में 188 नए कोर्ट रूम बनाने की दिल्ली सरकार की योजना लेकर बुधवार को एक समीक्षा बैठक की। इस बैठक में आतिशी ने कहा ज़िला न्यायालयों में कोर्ट रूम्स की कमी दूर करने के लिए युद्धस्तर पर हो काम किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिल्ली के न्यायालयों में कोर्ट रूम्स की कमी को दूर करने की तत्काल आवश्यकता को पहचानते हुए न्यायिक इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग को पूरा करने के लिए टाइमलाइन के साथ विस्तृत योजनाएं तैयार की जाएं। उन्होंने अधिकारियों को इन नए कोर्ट रूम्स की तैयारी के लिए अधिकारियों को चरण-वार तरीके और चेक लिस्ट तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में दिल्ली सरकार कोई भी देरी स्वीकार नहीं करेगी। समीक्षा बैठक में आतिशी ने कहा कि जल्द और सुलभ न्याय मिलना हर भारतीय का मूल अधिकार है और यह तभी संभव है जब न्यायालयों में पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हो। ऐसे में राजधानी में पर्याप्त न्यायिक इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाना केजरीवाल सरकार की प्रतिबद्धता है। दिल्ली में 188 नए कोर्ट रूम बनाने का मिशन इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

### दिल्ली सरकार न्यायिक इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध

कानून मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार शहर में न्यायिक इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में देश भर में न्यायाधीशों और अदालतों पर लंबित मुकदमों का बहुत बोझ है, जिससे मामलों के समाधान में अनावश्यक देरी हो रही है। ऐसे में दिल्ली में 188 नए कोर्ट रूम बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता एक न्यायिक प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा।

# पुराने और अनुपयोगी सामुदायिक शौचालयों को तोड़कर नए बनाए जाएं : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के बंद पड़े सामुदायिक शौचालयों को तोड़कर नए शौचालय बनाए जाएं तथा जिन शौचालय परिसरों से जनता को दिक्कत हो रही है, उन्हें हटाया जाए। वार्ड में 50 मीटर की दूरी पर दो ढलावघर स्थित हैं। ऐसे में एक ढलावघर को बंद किया जाए। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने बुधवार को रोहिणी जोन के सुल्तानपुरी बी वार्ड के निरीक्षण के दौरान ये बातें कही।



साथ ही महापौर ने निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं और विकास कार्यों का जायजा लिया। निगम प्राथमिक बालिका/बाल विद्यालय डी-ब्लॉक के निरीक्षण के दौरान महापौर ने देखा कि छात्र जमीन पर बैठे हैं। इसके बाद महापौर ओबरॉय ने कहा कि बच्चों के बैठने के लिए जल्द से जल्द बैंचों की व्यवस्था की जाए। विद्यालय के सामने से गाडियां एवं मलबा हटाया जाए। महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि निगम चुनावों के समय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 10 गारंटी के तहत हम नागरिकों को बेहतर नागरिक सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दिशा में सकारात्मक रूप से कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर विधायक मुकेश अहलावत, स्थानीय पार्षद दौलत पवार, पार्षद बॉबी, रोहिणी क्षेत्र की उपायुक्त निधि मलिक एवं निगम के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## विपश्यना में केजरीवाल एमसीडी का काम ठप: राजा इकबाल सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल जबसे विपश्यना में गए हैं तब से दिल्ली नगर निगम के सभी कार्य ठप पड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के नेता सभी कार्य आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल से पूछकर करते हैं। अब उनके विपश्यना में होने के कारण दिल्ली नगर निगम में कोई भी विकास कार्य या नागरिकों से संबंधित कार्य नहीं हो रहे है। नेता विपक्ष राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी एक व्यक्ति विशेष पर केंद्रित पार्टी है जिसका खामियाजा नागरिकों को उठाना पड़ रहा है।

दिल्ली के नागरिकों ने बहुत उम्मीद से आम आदमी पार्टी को दिल्ली नगर निगम के चुनावों में बहुमत प्रदान किया था मगर आम आदमी पार्टी ने जब से निगम में सत्ता हासिल की है तब से इन्होंने नागरिकों के विकास के लिए व कल्याण के लिए कोई नया कार्य नहीं किया। इसके साथ ही दिल्ली नगर निगम के कर्मचारियों व अधिकारियों को अभी तक नवम्बर माह का वेतन भी नहीं मिला है जिसके कारण निगम के कर्मचारी काफ़ी परेशान हैं। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी अपने मुखिया केजरीवाल पर केंद्रित होने के कारण दिल्ली नगर निगम में कोई फ़ैसला नहीं ले पा रही है।

### अगले दो दिन पड़ सकती है कड़ाके की सर्दी

# कोहरे की चादर में लिपटी राजधानी





हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में बुधवार को सुबह से ही कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण कुछ इलाकों में विजिबिलिटी भी बेहद कम हो गई है। कुछ इलाकों में तो 50 मीटर भी देख पाना मुश्किल हो गया है। वहीं तापमान में गिरावट के कारण दिल्ली में कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है। बुधवार शाम की बात करें तो एकाएक सर्द हवाएं चलने से ठिठुरन बढ़ गई। मौसम विभाग की माने तो इस हफ्ते यानी कि बचे हुए दिसंबर में दिल्ली एनसीआर को कोहरे से निजात नहीं मिलेगी। वहीं मौसम की बात करें तो बुधवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के बुलेटिन के अनुसार अगले तीन से चार दिन तक उत्तर पश्चिम भारत में घना कोहरा रहने की संभावना है। वहीं 31 दिसंबर, 2023 से 02 दिसंबर के दौरान उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में हल्की छिटपुट वर्षा होने की संभावना है। वहीं अगले 24 घंटों में दिल्ली का न्यूनतम तापमान तापमान 7-10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। उधर बुधवार सुबह से ही घने कोहरे की चादर में ढकी दिल्ली की सड़कों पर गाड़ी चलाना भी मुश्किल हो गया है। बुधवार सुबह छाई धुंध के कारण सड़कों पर सभी गाड़ियां पार्किंग लाइट जला कर चल रही हैं। सुबह दिल्ली से नोएडा जाने वाले लोग काफी परेशान दिखाई दिए। दरअसल ठंड के साथ कोहरे ने सड़क पर गाड़ियों की रफ्तार को धीमा कर दिया है। कोहरे की वजह से सुबह- सुबह दफ्तर जाने वाले लोग भी काफी परेशान नजर आए।

### दिल्ली हवाईअड्डे से चार उड़ानों का मार्ग करना पड़ा परिवर्तित

खराब मौसम के कारण बुधवार को दिल्ली हवाईअड्डे से चार उड़ानों को जयपुर भेजा गया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे के बीच चार उड़ानों को जयपुर भेजा गया। उन्होंने बताया कि इनमें स्पाइस जेट एयरलाइन के तीन और एयर इंडिया का एक विमान शामिल है। बुधवार की सुबह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विभिन्न इलाके घने कोहरे की चपेट में आ गये जिसके बाद दृश्यता बहुत कम हो गयी और न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को भी घने कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर विमानों का संचालन प्रभावित हुआ था।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा बुधवार को नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र के दिल्ली कैंट विधानसभा क्षेत्र के पश्चिमी मेहराम नगर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। नड्डा ने अन्य नेताओं के साथ देशभर में केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लाइव बातचीत को टीवी पर देखा। राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने केंद्र सरकार की योजनाओं के स्टॉल भी देखे और कार्यक्रम में मौजूद पीएम नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं के कुछ लाभार्थियों से बातचीत की। स्थानीय सांसद और राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, भाजपा मीडिया प्रमुख और सांसद अनिल बलूनी, केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर और दिल्ली भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। लेखी ने नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र के निवासियों तक पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं के लाभों पर एक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।

# दिल्ली में 27 औद्योगिक क्षेत्र जल्द होंगे नियोजित : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के अनियोजित 27 औद्योगिक क्षेत्र जल्द ही नियोजित होंगे। यह बात बुधवार को दिल्ली के उद्योग मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सचिवालय में व्यापारी संगठनों के साथ बैठक में कही। सौरभ ने कहा कि इन औद्योगिक क्षेत्रों को नियोजित करने के संदर्भ में लंबे समय से व्यापारी संघर्ष कर रहे थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिशा निर्देशन में जल्द ही इन व्यापारियों का यह सपना पूरा होने जा रहा है। बुधवार को इस श्रृंखला में दिल्ली के उद्योग मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इन व्यापारियों संग बैठक कर कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी ली और बैठक में मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द से जल्द बचे हुए कामों को पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि इन 27 अनियोजित औद्योगिक क्षेत्र में जो लगभग 27 हजार कल कारखाने हैं, उन सभी कारखाना मालिकों को तथा उन कारखाने में काम करने वाले लाखों मजदूरों को राहत मिल सके।



- भारद्वाज ने डीएसआईडीसी और औद्योगिक विभाग के अधिकारियों को टेंडर प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

# एनडीएमसी ने मुनाफे वाले बजट की प्रवृत्ति को रखा जारी : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने वित्त वर्ष 2024-25 में अनुमानित करीब 240 करोड़ रुपये के शुद्ध मुनाफे के साथ मुनाफे वाले बजट की प्रवृत्ति को जारी रखा है। एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव बुधवार को एनडीएमसी बजट 2024-25 प्रस्तुतियों के बाद आयोजित एक प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। इस दौरान अध्यक्ष यादव ने कहा कि एनडीएमसी क्षेत्र के नागरिकों और यहां आने वाले नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए टीम एनडीएमसी प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एनडीएमसी बजट में कुल 4,829 करोड़ 36 लाख का व्यय दर्शाया गया है, जो संशोधित अनुमानित आंकड़े 4,568



करोड़ 21 लाख रुपये से अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एनडीएमसी बजट में 5,069 करोड़ 63 लाख रुपये की प्राप्तियां दिखाई गई हैं, जो भी 4,888 करोड़ 93 लाख रुपये के संशोधित अनुमान से अधिक है।

बजट पेश करते हुए अध्यक्ष यादव ने बताया कि यह वर्ष एनडीएमसी के लिए एक मील का पत्थर था क्योंकि हमें अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए नई दिल्ली को तैयार करना था। एनडीएमसी ने इस महत्वपूर्ण आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए खुद को समर्पित किया और दुनिया भर से हमारे आये मेहमानों के स्वागत के लिए शहर को तैयार करने के लिए कई तरह से पहल की गईं। टीम एनडीएमसी के ठोस प्रयासों से हम न केवल उम्मीदों पर खरे उतरे बल्कि उनसे भी आगे बढ़कर निकले। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के हमारे बजट में, कुल व्यय चालू वर्ष के लिए हमारे संशोधित अनुमान के आंकड़ों से अधिक है और प्राप्तियां की तुलना में अधिक हैं, जिससे हमें मुनाफा प्राप्त होता है, जो पिछले कई वर्षों से एनडीएमसी द्वारा बनाए रखा गया एक रुझान है। जो संशोधित अनुमान 2023-24 के लिए उच्च राजस्व व्यय का है, वह बिजली खरीद कीमतों में वृद्धि और नव नियुक्त 4,400 पालिका सहायकों को वेतन के भुगतान के कारण है। राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि संपत्ति -कर और संपत्ति बकाया के संग्रह में हमारे प्रयासों का परिणाम है। हमें उम्मीद है कि एनडीएमसी में 7वें केंद्रीय वेतनमान के कार्यान्वयन पर वेतन/पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के बकाया के वितरण के कारण वित्त वर्ष 2024-25 में व्यय में और वृद्धि हो। बैठक में एनडीएमसी उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, विधायक व सदस्य वीरेंद्र सिंह कादियान के साथ-साथ परिषद के अन्य सदस्य विशाखा शैलानी और गिरीश सचदेवा उपस्थित थे।

### उपाध्यक्ष ने की बजट 2024-25 पहल की सराहना



एनडीएमसी उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने नागरिक उन्नति के लिए एनडीएमसी बजट 2024-25 पहल की सराहना की। उन्होंने बजट 2024-25 की मुख्य विशेषताएं गिनाते हुए बताया कि 10 करोड़ रुपये की अनटाइड फंड एनडीएमसी क्षेत्र के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और मार्केट ट्रेड एसोसिएशन (एमटीए) के लिए है। वहीं, राष्ट्रीय सौर मिशन को प्राथमिकता, एनडीएमसी स्कूलों के कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को टैबलेट, कर्मियों के आने-जाने के लिए ई-स्कूटर, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एनडीएमसी बजट में 5,069.63 करोड़ रुपये की प्राप्तियां दिखाई गई हैं, जो 4,888.93 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से अधिक है। साथ ही बुनियादी ढांचे और शिक्षा व खेल पर मुख्य फोकस दिया गया है।

### दिल्ली सरकार के अस्पतालों में नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाओं का मामला

# दिल्ली भाजपा ने 'आप' कार्यालय के पास किया विशाल प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में बुधवार को आम आदमी पार्टी कार्यालय के पास एक विशाल प्रदर्शन किया और दिल्ली सरकार में नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाओं के वितरण के खिलाफ गिरफ्तारी दी। भाजपा नेताओं ने अस्पतालों में नकली दवाओं के लिए सीएम अरविंद केजरीवाल और स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। पुलिस बैरिकेड्स तोड़ आम आदमी पार्टी कार्यालय की ओर बढ़ रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए दिल्ली पुलिस ने भारी पानी की बौछार छोड़ कर उन्हें रोका। सचदेवा एवं बिधूड़ी के साथ सांसद डॉ. हर्षवर्द्धन, मनोज तिवारी, रमेश बिधूड़ी, दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और विजय गोयल सहित अन्य ने प्रदर्शन को सम्बोधित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष गजेंद्र यादव ने इसका संचालन किया। विधायक, पार्षद, दिल्ली भाजपा पदाधिकारी हर्ष मल्होत्रा, कमलजीत सहरावत, एमसीडी में नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह, प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष विनोद सहरावत, जिला अध्यक्षों के साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता प्रदर्शन में सम्मलित हुए। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाओं का वितरण लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ है और सीएम केजरीवाल और स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाचार रिपोर्टों से यह चौंकाने वाली बात सामने आई है कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में 253 ऑपरेशन थिएटरों में से 62 चालू नहीं हैं, जिससे पता चलता है कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में गरीब मरीजों को ऑपरेशन के लिए 12 से 24 महीने की तारीखें क्यों मिलती हैं।



### जुलाई से नकली दवाओं के बारे में था पता

सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल और भारद्वाज दोनों को जुलाई 2023 से नकली दवाओं के बारे में पता था लेकिन उन्होंने उनके वितरण को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया, जो दवा घोटाले में उनकी मिलीभगत साबित करता है। उन्होंने कहा कि हम केजरीवाल सरकार के इस नकली और घटिया दवा वितरण घोटाले को शहर के कोने-कोने में ले जाएंगे और दिल्ली के सीएम और स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे के लिए दबाव डालेंगे।

### जिम्मेदारी नहीं लेने तक दिल्ली विधानसभा को चलने नहीं देंगे : बिधूड़ी

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि भाजपा विधायक केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाने में पार्टी संगठन के साथ सहयोग करते रहेंगे और जब तक केजरीवाल दवा घोटाले की जिम्मेदारी नहीं लेते तब तक दिल्ली विधानसभा को चलने नहीं देंगे। बिधूड़ी ने कहा कि 4 दशकों से अधिक के राजनीतिक करियर में मैंने इतनी गिरी हुई सरकार नहीं देखी, जिसने अरविंद केजरीवाल सरकार की तरह सरकारी अस्पतालों में नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाओं के वितरण की अनुमति दी हो। इस साल की शुरुआत में नकली दवाओं का मामला मुख्यमंत्री की जानकारी में था लेकिन उन्होंने स्पष्ट रूप से नापाक कारणों से इसे नजरअंदाज कर दिया।

### दिल्ली के अस्पतालो में दी जाने वाली एक और दवा नकली निकली : राजनिवास

**एजेंसी. नई दिल्ली।** गुणवत्ता मानक जांच में दवाइयों के विफल रहने के मामले को उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के पास भेजे जाने के कुछ दिनों बाद राजनिवास के अधिकारियों ने बुधवार को दौरे और मिर्गी के उपचार में उपयोग आने वाली एक अन्य दवा को भी नकली होने की रिपोर्ट की है। सक्सेना ने पिछले हफ्ते उन दवाओं की कथित आपूर्ति की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी जो गुणवत्ता मानक जांच में विफल रही थीं' और उनकी वजह से लोगों की जान को खतरे में पड़ने की आशंका थी। अधिकारियों के अनुसार दिल्ली सरकार के अस्पतालों से लिया गया अन्य दवा नमूना भी चंडीगढ़ के क्षेत्रीय औषध जांच प्रयोगशाला की जांच में विफल रहा है। इस बार, मिर्गी विरोधी दवा 'सोडियम वालप्रोएट' मानक पर खरा नहीं उतरी है। एक अधिकारी ने बताया कि 22 दिसंबर को एक सरकारी विश्लेषक ने यह रिपोर्ट जारी की। अधिकारियों ने बताया कि जिन दवाइयों को 'घटिया' पाया गया है उनमें फेफड़े के उपचार में उपयोग आने वाला और मूत्राशय संक्रमण को दूर करने वाला जीवन रक्षक अहम एंटीबायोटिक सेफालेक्सिन शामिल है। उन्होंने बताया कि ऐसी दवाइयों में फेफड़े एवं जोड़ में खतरनाक सूजन, शरीर में सूजन के उपचार में उपयोग आने वाला स्टेरॉयड डेक्सामथासोन तथा मिर्गी, अवसाद रोधी दवा लेवेटिरासेटम और उच्च रक्तचाप रोधी दवा अम्लोडायपाइन शामिल हैं।

# मजबूत नेताओं के बिना पार्टी को मजबूत नहीं किया जा सकता : लवली



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जमीनी स्तर पर संपर्क रखने वाले मजबूत नेताओं के बिना कांग्रेस पार्टी को मजबूत नहीं किया जा सकता है और ब्लॉक स्तर पर पार्टी का पुनर्गठन इसी उद्देश्य से किया गया था। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय, राजीव भवन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, लोकसभा पर्यवेक्षकों और जिला पर्यवेक्षकों की एक बैठक में यह यह बातें कहीं। इस बैठक में सक्रिय और जमीनी स्तर से जुड़े कार्यकर्ताओं की नियुक्ति करके ब्लॉकों का पुनर्गठन कर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने का लक्ष्य रखा गया। लवली ने कहा कि ब्लॉक अध्यक्ष सहित सक्रिय दृष्टिकोण वाले समर्पित कार्यकर्ताओं को ही संगठनात्मक पदों पर नियुक्त किया जाएगा। लवली ने पर्यवेक्षकों से अपील की कि जिन क्षेत्रों में ब्लाक कांग्रेस कमेटी सक्रिय नहीं है और जहां नए कार्यकर्ताओं को मौका देने की आवश्यकता है, वहां पर केवल कार्यकुशलता के आधार पर नए अध्यक्षों के नाम का सुझाव प्रदेश कांग्रेस कमेटी को शीघ्र अपनी रिपोर्ट जमा कराएं, ताकि जमीनी स्तर पर मजबूत कुशल पार्टी कार्यकर्ताओं को ही ब्लॉक अध्यक्ष और अन्य पदों पर नियुक्त किया जा सके।

### 30 बड़ी लोहे की प्लेट, 150 किलोग्राम सरिया, 42000 नगद बरामद

# सरिया, शटरिंग का सामान चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, सात गिरफ्तार

फरीदाबाद ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 प्रभारी जोगिंद्र सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए निर्माणधीन बिल्डिंगों व घरों से सरिया, शटरिंग का सामान चोरी करने वाले गिरोह के 7 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियो में फरमान खान, विपिन, रवि, मुजम्मील, सोनू खान, सगिर और अफजल हुसैन का नाम शामिल है। आरोपी फरमान खान, सोनू खान व सगिर सेक्टर-113 नोएडा का, आरोपी विपिन सेक्टर-77 फरीदाबाद, आरोपी रवि और अफजल हुसैन गांव प्रहलादपुर फरीदाबाद, आरोपी मुजम्मील बिजनौर उत्तर प्रदेश का के रहने वाले है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपियों को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गस्त के दौरान चोरी का सामान ले जाते हुए गाड़ी सहित सेक्टर.17 बाईपास रोड से काबू किया है। आरोपी सेक्टर-85 ई ब्लॉक व सेक्टर-84 में निर्माणधीन बिल्डिंग से लोहा की प्लेट व सरिया चोरी करके लाए थे। आरोपियो को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियो से खुलासा हुआ की आरोपी चोरी का सामान कबाडी अफजल हुसैन को बेच देते है। आरोपियो ने लोहा की प्लेट को सेक्टर-85 ई ब्लॉक से चोरी किया था जिसका मामला थाना खेडी पुल में दर्ज है, जिसमें 30 बडी लोहा प्लेट बरामद है, आरोपियों ने सेक्टर-84 के एरिया से लोहा की सरिया को चोरी किया था जिसका मामला थाना बीपीटीपी में दर्ज है जिसमें आरोपियों से 150 किलोग्राम सरिया बरामद है। आरोपियों ने सुरजकुण्ड में दीवार पर लगी ग्रिल को चोरी कर बेच दिया था जिसमें आरोपियों से 14000 रूपए बरामद किए गए है, आरोपियो ने थाना सुरजकुण्ड के एरिया में आने वाले सामुदायिक भवन से सामान चोरी किया था जिस मामले में आरोपियों से 7000 रूपए बरामद किए है। आरोपियों ने थाना शदर बल्लबगढ़ के एरिया में तथा थाना आदर्श नगर के एरिया में निर्माणधीन मकानों से सरिया चोरी करने की वारदातों को अंजाम दिया था जिसमें आरोपियो से थाना शहर बल्लबगढ़ के मामले में 10000 रूपए तथा थाना आदर्श नगर के मामले में 11000 रूपए नगद बरामद हुए है। आरोपियो अपने शौक की पूर्ति के लिए चोरी की वारदातो को अनजाम देते है। आरोपी अफजल हुसैन कबाडी को बेच देते थे व आरोपी अफजल हुसैन खुद भी चोरियां करता है। आरोपी अफजल पर पूर्व में चोरी के 5 मामले दर्ज है। आरोपी विपिन पर पूर्व में गुरुग्राम में चोरी का मामला तथा मुजम्मिल पर दिल्ली में चोरी का मामला दर्ज है। आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### देसी कट्टे सहित पकड़ा

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी शीशपाल की टीम ने अवैध हथियार के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आकाश गांव दलसागर जिला बक्सर बिहार का तथा हाल में गांव चंदावली में रहता है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से नाका लगाकर कैली गांव के पास से काबू किया है। आरोपी से मौके पर एक देसी कट्टा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिल्ली गया था वहां सराय काले खां किसी अज्ञात व्यक्ति से 3000 रूपए में दोस्तों में हवाबाजी के लिए खरीद कर लाया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

### देसी पिस्तौल सहित दबोचा

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेश की टीम ने अवैध हथियार के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सुनिल हनुमान कालोनी ओल्ड फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से लेजर वैली रोड सुरजकुण्ड से काबू किया है। आरोपी से मौके पर तलाशी के दौरान एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सुरजकुण्ड में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अभी 13 दिसम्बर को जेल से जमानत पर आया था। आरोपी 3-4 दिन पहले अलीगढ़ गया था। वहां किसी अज्ञात व्यक्ति से व्यक्ति से 5000 रूपए में हवाबाजी के लिए खरीद कर लाया था। आरोपी पर पूर्व में थाना खेडी पुल में 5 मामले अवैध नशा तस्करी व अवैध हथियार के तथा थाना सेक्टर-31 में अवैध हथियार का दर्ज है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# रमन हत्या मामले में आरोपी अरेस्ट

फरीदाबाद ⏭ नई दिल्ली

■ सीसीटीवी फुटेज की सहायता से हुई आरोपी की पहचान

विगत 15 दिसम्बर को सुबह करीब 7.30 बजे कन्ट्रोल रुम से थाना पल्ला में एक सूचना मिली कि चाय की दुकान चलाने वाले रमन की किसी व्यक्ति ने 14-15 दिसम्बर की रात को तेज धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। मृतक का चाय का खोखा है और रात को वही सोता था। सूचना पर घटनास्थल पर तुरंत डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ, एसीपी सेंट्रल राजीव कुमार, एसीपी क्राइम अमन यादव, थाना प्रबंधक पल्ला व एफएसएल की टीम और क्राइम ब्रांच भी मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर कुल्हाडी बरामद हुई थी। मृतक के सिर और गर्दन पर चोट के निशान मिले थे। मृतक रमन के भतीजे की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाना पल्ला मे हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य के आदेश व डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र मीना के दिशा-निर्देश व एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी कप्तान की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्रेस वार्ता के दौरान एसीपी क्राइम अमन यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रोहित गांव नूरपुर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है तथा हाल में चेतन कालोनी पल्ला में रहता है। क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी कप्तान, एएसआई कुलदीप, मुख्य सिपाही आनन्द, सिपाही अनिल, विनीत और सुरेन्द्र की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को चेतन कालोनी पल्ला से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मृतक के खोखे पर आता जाता रहता था। मृतक की सभी जानकारी उसके पास थी। मृतक भी वही चाय की खोखे पर ही सोता था। आरोपी को लगता था कि इसके पास काफी पैसा होगा। आरोपी वारदात वाली रात को मृतक के पास ही सो गया था। आरोपी की गल्ले में रखे पैसे के लिए नियत खराब हो गई और पैसे निकालने लगा तो मृतक की आंख खुल गई, जब मृतक ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने पास में रखी कुल्हाडी से रमन की हत्या कर दी और गल्ले से 800 रूपए व स्कूटी लेकर मौके से फरार हो गया था। आरोपी रोहित 8वी पास है। अभी तक की पूछताछ में आरोपी को कोई पूर्व का क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं मिला है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस रिमांड के दौरान मृतक की स्कूटी और पैसे बरामद किए जाएंगे।

### आमजन तक पहुंचाया जा रहा है योजनाओं का लाभ : नागर

**फरीदाबाद**। तिगांव विधानसभा से विधायक राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री रेंद्र मोदी का संकल्प है कि 2047 तक देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है। यह सभी के सामूहिक प्रयास से ही यह संभव होगा। भारत से गरीबी मिटाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। विधायक राजेश नागर आज बुधवार को जिला फरीदाबाद के गांव अलीपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास सरकार का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

### मानव रचना 17वें कॉरपोरेट क्रिकेट चैलेंज 2024 की ट्रॉफी का अनावरण

**फरीदाबाद**। । मानव रचना शैक्षणिक संस्थान में डा. ओपी भल्ला मेमोरियल कप 17वें कॉरपोरेट क्रिकेट चैलेंज के लिए चैपियंस ट्रॉफी का अनावरण किया गया। इस बार 6 जनवरी 2024 से आयोजित होने वाले इस कॉरपोरेट क्रिकेट चैलेंज में कुल 24 कॉरपोरेट टीमें हिस्सा लेंगी। इसे लेकर आयोजित हुए अनावरण कार्यक्रम में एमआरईआई उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला, उप कुलपति एमआरआईआईआरएस डॉ. संजय श्रीवास्तव, खेल निदेशक एमआरईआई सरकार तलवार सहित सभी टीमों के कप्तान और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### डीसीपी ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संबंध में जानकारी देकर किया जागरूक

**फरीदाबाद**। डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल के द्वारा थाना छायंसा में गांवों के सीनियर सिटीजन और आमजन को महिला विरुद्ध अपराध, साइबर अपराध व नशा के दुष्परिणाम और वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के बारे में जागरूक किया। प्रोग्राम में एसीपी विष्णु प्रसाद, सीनियर सिटीजन प्रभारी माया देवी और थाना प्रबंधक छायंसा ब्रह्मजीत सिंह व थाना पुलिस मौजूद रही इसके साथ गांव के आमजन व वरिष्ठ नागरिकों में सुंदर पाल सिंह, महिपाल सिंह, इंद्रजीत, रणवीर सिंह, तेजपाल सिंह, राजपाल भाटी, देवेंद्र नंबरदार गांव छायंसा, रामनिवास, धर्मेन्द्र सिंह गांव नवादा से व क्षेत्र के अन्य लोग मौजूद रहे। डीसीपी बल्लबगढ़ ने वरिष्ठ नागरिकों का हालचाल पूछ उनकी देखभाल या किसी अन्य प्रकार की समस्या के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# संयुक्त आयुक्त ने किया जोन-2 क्षेत्र का दौरा

गुरुग्राम ⏭ नई दिल्ली



नगर निगम गुरूग्राम के संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार जोन-2 क्षेत्र का कार्यभारत संभालते ही एक्शन मॉड में आ गए हैं। उन्होंने ना केवल जोन से संबंधित सफाई, अतिक्रमण, विज्ञापन, इंजीनियरिंग आदि विंगों से जुड़े अधिकारियों से बैठक की, बल्कि जोन का दौरा कर मार्केट एसोसिएशनों तथा आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों से भी मुलाकात करके क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा अतिक्रमण मुक्त बाजार बनाने में सहयोग देने का आह्वान किया।

संयुक्त आयुक्त ने सदर बाजार तथा सैक्टर-15 पार्ट-1 का दौरा किया। उन्होंने सदर बाजार मार्केट एसोसिशन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की तथा कहा कि बाजार को अतिक्रमण मुक्त बनाने में सहयोग दें क्योंकि अतिक्रमण के कारण यहां आने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही बाजार में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक दुकानदार अपनी दुकानों में डस्टबिन रखें तथा रास्ते पर कचरा फैलाने की बजाए डस्टबिन में ही कचरा डालें। जब कचरा उठाने वाले कर्मचारी आएं तो उन्हें कचरा सौंपें। इससे बाजार साफ बना रहेगा, क्योंकि प्राय यह देखने में आया है कि सफाई कर्मचारी बाजार की सफाई प्रातकाल के समय कर देते हैं, लेकिन जब दुकानें खुलती हैं, तो दुकानदार सफाई करके कचरे को बाहर सडक़ पर फैंक देते हैं, जिससे बाजार पुनः गंदा हो जाता है। उन्होंने इस बारे में मार्केट एसोसिएशन से सहयोग देने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने बाजार में अतिक्रमण ना करने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर सामान ना रखें और ना ही रेहड़ी-पटरी वालों को वहां पर लगने दें। अतिक्रमण के कारण बाजार तंग हो जाता है, जिससे यहां आने-जाने वालों को परेशानी होती है। इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से भी अतिक्रमण घातक हो सकता है। पूर्व में घटित आग की घटनाओं के दौरान यही पाया गया है कि अतिक्रमण के कारण बाजार में राहत व बचाव दल को घटना स्थल तक पहुंचने में अतिक्रमण के कारण खासी मशक्कत करनी पड़ी है।

सेक्टर-15 पार्ट-1 आरडब्ल्यूए के साथ बैठक में डा. कुमार ने कहा कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए नगर निगम गुरूग्राम गंभीरता से कार्य कर रहा है। उन्होंने सेक्टर में डोर-टू-डोर कचरा उठान व्यवस्था की जानकारी ली तथा आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों से कहा कि वे इस कार्य पर निगरानी बनाए रखें तथा अगर कोई वैंडर सही से काम नहीं करता है, तो उसके बारे में सूचना दें। ऐसे वैंडरों को हटाया जाएगा तथा अगर आरडब्ल्यूए इच्छुक है, तो डोर-टू-डोर कचरा एकत्रित करने का कार्य स्वयं भी संभाल सकती है। उन्होंने सोर्स सेग्रीगेशन का भी अनुरोध किया।

# अवैध यूनिपोल के खिलाफ नगर निगम गुरुग्राम की कार्रवाई जारी

**निगमायुक्त पीसी मीणा द्वारा जारी निर्देशों की पालना में विज्ञापन शाखा की टीम अवैध विज्ञापनों के खिलाफ चला रही विशेष अभियान**

गुरुग्राम ⏭ नई दिल्ली



नगर निगम गुरूग्राम सीमा में अवैध यूनिपोल व अन्य विज्ञापन सामग्री के खिलाफ नगर निगम गुरूग्राम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत विज्ञापन शाखा की टीम अवैध यूनिपोल व अन्य विज्ञापनों को हटा रही है।

नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त पीसी मीणा द्वारा जारी निर्देशों की पालना में विज्ञापन शाखा द्वारा एक विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत बुधवार को टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड़, हांगकांग बाजार के पास, सोहना रोड़, द्वारका एक्सप्रेस-वे तथा उल्लावास रोड़ पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से लगे 8 यूनिपोल को हटाया। टीम ने हैवी मशीनरी की मदद से यूनिपोल को हटाकर उसे जब्त कर लिया है। कार्रवाई के दौरान संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार, विजय यादव व अखिलेश यादव तथा डीटीपी सुमित मलिक लगातार टीम के संपर्क में रहे तथा टीम को जरूरी दिशा-निर्देश देते रहे। टीम में सहायक अभियंता दलीप सिंह यादव के साथ कनिष्ठ अभियंता सतेन्द्र व वासुपाल सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं।

नगर निगम गुरूग्राम द्वारा एक बार फिर स्पष्ट किया गया है कि कोई भी विज्ञापन दाता कंपनी या बिल्डर कंपनी अवैध साईटों पर अपना विज्ञापन प्रदर्शन ना करवाएं। विज्ञापन प्रदर्शन से पूर्व नगर निगम गुरूग्राम से यह सुनिश्चित कर लें कि जिस एजेंसी के माध्यम से वे विज्ञापन का प्रदर्शन करवा रहे हैं, उसने नियमानुसार अनुमति ले रखी है या नहीं। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा अवैध विज्ञापनों को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा तथा उन्हें हटाने के साथ ही फीस, पैनल्टी तथा हटाने में आने वाला खर्च भी वसूल किया जाएगा। इसके अलावा, संबंधित विज्ञापन दाता कंपनी व एजेंसी सहित साईट मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. कुमुद शर्मा व पत्रकार जितेंद्र तिवारी समेत 7 पत्रकार सम्मानित

**गाजियाबाद**। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती पर आयोजित अट्ठारहवें पत्रकार प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह में वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र तिवारी, वरिष्ठ साहित्यकार दिल्ली विश्वविद्यालय हिन्दी विभागाध्यक्ष व साहित्य अकादमी नई दिल्ली की उपाध्यक्ष प्रोफेसर कुमुद शर्मा समेत कुल सात पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

### महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अभी बहुत कुछ करना बाकी : डॉ. फात्मा

**गाजियाबाद**। महिलाओं का सशक्तिकरण के लिए अभी बहुत कुछ करना बाकी है ताकि महिलाओं में घर करने वाली तमाम बीमारियों और उनका मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाई जा सके। यह विचार उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित एम बी गर्ल्स कॉलेज की सीनियर लेक्चरर इशरत फात्मा ने इंटरनेशनल ग्लोबल ग्लोबल प्रोफेशनल्स (आईजीपी) द्वारा महिलाओं के मेंटल हेल्थ को लेकर बुधवार को आयोजित एक वेबिनार में व्यक्त किए। इस वेबिनार में यूनाइटेड स्टेट्स, फिलीपींस और यूरोप,एशिया कंट्री के रिसर्च स्कॉलर एवं विद्वानों ने हिस्सा लिया। डॉ. फात्मा ने वेबिनार में महिलाओं के बीच होने वाले डिप्रेशन, मेंटल इलनेस व तमाम प्रकार के विकार पर प्रकाश डाला। इसके निदान के लिए भी अपना सुझाव रखा और इस संबंध में अपना रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया जिसकी सराहना की गई है। बांग्लादेश स्थित इंटरनेशनल ग्लोबल प्रोफेशनल्स (आईजीपी) एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जिसका विस्तार 130 देश में है। इसके 6500 अंतरराष्ट्रीय संगठन के साथ-साथ 500 से भी ज्यादा प्रोफेशनल्स अपनी सेवाएं दे रहे हैं जो दुनिया भर के देशों में तमाम प्रकार की उत्पन्न हो रही समस्याओं और उसके निदान के लिए प्रयासरत है। इस मौके पर इशरत फात्मा ने अपना रिसर्च पेपर प्रस्तुत करते हुए महिलाओं में उत्पन्न होने वाले तमाम प्रकार के विकार के बारे में बताते हुए कहा कि महिलाओं को इसे कैसे निदान मिल सकता है। वेबिनार के अंत में आईजीपी के पदाधिकारियों ने अपनी राय दी और वेबिनार का समापन किया।

### विद्या भारती ने किया समुत्कर्ष विद्यार्थी समागम कार्यक्रम के लिए भूमि पूजन



**गाजियाबाद**। विद्या भारती ने बुधवार को कविनगर रामलीला मैदान में 31 दिसम्बर को होने वाले समुत्कर्ष विद्यार्थी समागम कार्यक्रम के लिए भूमि पूजन किया।इस समागम में लगभग 7000 भैया-बहिन, उनके अभिभावक,अध्यापक तथा महानगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल विजय कुमार सिंह समागम में मुख्य अतिथि होंगे।भूमि पूजन में भारतीय शिक्षा समिति के मंत्री राम वरुण प्रदेश निरीक्षक विशोक सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक विपिन राठी ने बताया कि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान मेरठ प्रांत से सम्बद्ध गाजियाबाद के सभी विद्यालयों द्वारा 31 दिसंबर 2023 को प्रात 11 बजे से कविनगर के रामलीला मैदान में विद्यार्थी समागम समुत्कर्ष का आयोजन किया जा रहा है। समागम का उद्देश्य भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जाने वाली गतिविधियों को समाज के सामने रखना है। साथ ही नई शिक्षा नीति की बारीकियों से अभिभावकों को अवगत कराना है। इस कार्यक्रम में विद्या भारती के पांच आधारभूत विषयों का प्रदर्शन किया जाएगा। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों व आने वाली भावी पीढ़ी को संगीत शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा के प्रति जागरूक करना है ताकि भविष्य की भावी पीढ़ी का निर्माण हो सके। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हो इसलिए सबसे पहले विद्या भारती के अधिकारियों द्वारा राम लीला मैदान कविनगर में भूमि पूजन व यज्ञ किया गया। भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक विशोक शर्मा यज्ञ के मुख्य यजमान रहे। इस अवसर पर महेश चंद्र शर्मा, शिवकुमार शर्मा, पंकज शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**पत्नी ने छाती पर चढ़कर गला घोंटा और प्रेमी ने चाकुओं से गोद डाला**

# शिवम हत्याकांड का खुलासा

गाजियाबाद। ⏭ नई दिल्ली



क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के बहरामपुर में एक पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को दोनों को गिरफ्तार कर लिया । इसमें खास बात यह है कि अवैध संबंधों में रोड़ा बने पति की छाती पर चढ़कर जहां पत्नी ने गला घोंट दिया वही उसके प्रेमी ने उसे चाकुओं से गोद डाला और दोनों ने मिलकर सबको खंडहर में छुपा दिया।

एसीपी वेव सिटी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि 20 दिसम्बर को बहरामपुर में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश बरामद हुई थी। जिसकी पहचान जालौन निवासी शिवम और सोनू के रूप में हुई थी। परिजनों द्वारा रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पत्नी पर पुलिस का शक गया। पुलिस ने पत्नी प्रियंका को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने सच उगल दिया। उसने पुलिस को बताया कि उसके गर्जन यादव से अवैध संबंध थे। जिसके चलते वह अपने पति से अलग होकर प्रेमी के साथ रहने लगी थी लेकिन बाद में शिवम उसे समझा बुझाकर अपने साथ ले आया और बहरामपुर में किराए के मकान पर रहने लगा। उसने शर्त रखी थी की गर्जन यादव भी उसके साथ रहेगा। तीनों एक साथ ही रह रहे थे 20 12 की रात को प्रियंका ने अपने पति शिवम उर्फ सोनू की छाती पर रखकर उसका गला दबा दिया जबकि उसके प्रेमी गर्जन यादव ने उसे चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां न्यायिक हिरासत मैं दोनों को जेल भेज दिया गया है।

**उत्तर रेलवे** — आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

सं. 128-W/280/इ- निविदा सूचना/37 & 38/2023-24/W-2 दिनांक: 27.12.2023

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का कार्य | दादरी और चिपियाना बुजुर्ग के बीच शेड की प्रस्थान लाइन को चौथी मुख्य लाइन में विलय के बाद ईएमयू कार शेड जीजेडबी में बुनियादी ढांचे के उन्नयन के संबंध में। दादरी और चिपियाना बुजुर्ग के बीच शेड की प्रस्थान लाइन को चौथी मुख्य लाइन में विलय के बाद ईएमयू कार शेड जीजेडबी में बुनियादी ढांचे के उन्नयन के संबंध में सी/डब्ल्यू में ट्रैक कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | आईआरईपीएस के अनुसार |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | आईआरईपीएस के अनुसार |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 18.01.2024 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। 4060/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | औद्योगिक सम्पदा, बारही फेज-I और II हेतु ट्रीटेड वेस्ट वाटर की रिसाइकलिंग। | 27.12.2023 19.01.2024 | 326.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467032255 (ia.barhi@hsiidc.org.in) |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | एचएसआईआईडीसी उद्योग मिनार बिल्डिंग, उद्योग विहार, फेज-V, गुरुग्राम के कॉमन एरिया की वार्षिक हाउसकीपिंग/क्लीनिंग। | 27.12.2023 09.01.2024 | 19.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0124-2398418 (ia.gurugram@hsiidc.org.in) |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23728/I/88/7 दि. 27.12.23

**उत्तर रेलवे** — आज़ादी का अमृत महोत्सव

**केस नं. 752-ई/सीएमपी/एनआरसीएच/2023**

**संविदा चिकित्सक (सीएमपी) की नियुक्ति करना**

उत्तर रेलवे, केंद्रीय चिकित्सालय, बसंत लेन, नई दिल्ली में आपातकालीन (कैजुअल्टी) और स्वास्थ्य केंद्र में संविदा चिकित्सक (सीएमपी) के **पाँच पद के लिए** नियुक्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। तात्कालिक साक्षात्कार **दिनांक 08.01.2024** को आयोजित किया जायेगा। रिक्तियों की स्थिति, नियम एवं शर्तें, आवेदन पत्र का प्रारूप के साथ विस्तृत विज्ञापन उत्तर रेलवे की वेबसाइट https:// nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध हैं।

4040/23

चिकित्सा निदेशक, उत्तर रेलवे, केंद्रीय चिकित्सालय, नई दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

